सार-समाचार

साप्ताहिक समीक्षा बैठक

उदयपुर, (कासं)। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसमें 30 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षाकृत तेजी आई, लेकिन अभी भी इसमें काफी गुंजाईश है। अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए परिवेदनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने प्रकरणों के निसतारण की औसत समय-सीमा को 15 दिन से कम तक लाने के लिए सभी को गंभीरता से प्रयास करने की हिदायत दी। जिला कलक्टर ने पेयजल तथा बिजली संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सभी तरह की व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से स्वीकृत हैण्डपंप एवं नलकूप की प्रगति की जानकारी लेते हुए 31 मार्च तक शत प्रतिशत कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। साथ ही बजट घोषणाओं 2025-26 की क्रियान्विति संबंधी फीडबैक भी लिया। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं की समय पर क्रियान्विति के लिए गंभीर है। सभी अधिकारी इसे प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करावें। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, सीईओ जिला परिषद रिया डाबी, गिर्वा एसडीएम सुनीता कुमारी सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्युत कर्मियों का सम्मान

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के दिशा-निर्देशानुसार एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में उदयपुर सर्किल के तत्वावधान में लाइनमेन दिवस सम्मान समारोह मंगलवार को पटेल सर्कल स्थित निगम सभागार में मनाया गया। संभागीय मुख्य अभियंता आइ.आर. मीणा के नेतृत्व में कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) खेरवाड़ा के तकनीशियन गब्बर सिंह व कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) झाड़ोल के तकनीशियन हेमराज मीणा को निगम हित, उपभोक्ता संतुष्टि एवं बेहतर कार्यशैली के लिये वृत्त स्तर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) अंबामाता के तकनीशियन हनुमान सिंह मीणा को भारत सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा न दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। संभागीय मुख्य अभियंता मीणा ने समस्त निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप दिन-प्रतिदिन के कार्यो का निष्पादन करने के निर्देश दिये एवं उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचा कर पात्र आमजन को लाभान्वित किया जाना चाहिये। इस कार्यक्रम में निगम के अधिशाषी अभियन्ता गण, लेखा अधिकारी आदि ने भी विचार रखे। उदयपुर वृत्त कार्मिक अधिकारी डॉ. कादम्बरी जैन ने बताया कि आगामी माह अप्रेल 2025 में तकनीकी कर्मचारियों का वृहद् सम्मेलन प्रस्तावित है। संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी श्रद्धिमा सेन ने किया।

26 टीबी मरीजों को दिये पोषण किट

बांसवाड़ा, (निसं)। खंड आनंदपुरी में विभिन्न विभागों के साथ समन्वयक स्थापित कर ब्लॉक स्तरीय मैराथन दौड का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा, पंचायतीराज, पुलिस एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने आनंदपुरी बस स्टेंड पेट्रोप पंप से मानगढ रोड पेट्रोल पंप तक दौड में भाग लिया। जिसमें खेमराज गागणा, चन्द्रवीर निनामा व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नाहरपुरा के चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉ. मुकेश पारगी ने ऋमशरू प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया। दौड में खंड मुख्य चिकित्साधिकारी आनंदपुरी डॉ. देवेन्द्र कुमार डामोर, डॉ. दिनेश भाभोर, डॉ. लोकेश डामोर, डॉ. गणेश डामोर, डॉ. मोहित जैन, डॉ. कार्तिक टेलर, डॉ. अर्जुन पारगी,, चिकित्साधिकारी प्रभारी प्रा.-सामु. स्वा. केन्द्र आनंदपुरी परमेश्वर पाटीदार,गणेश डामोर, दिनेश गरासिया, मनीष, पवन, सुरेश, भूपेन्द्र, मोहन, पवन ने भाग लिया। साथ ही प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय मित्र बनकर 26 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किये गये। जिसमें खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेन्द्र डामोर, सीडीपीओ परमेश्वर डामोर ने पांच-पांच टीबी मरीजों एवं डॉ. दिनेश भाभोर, डॉ. लोकेश डामोर, डॉ. गणेश डामोर, डॉ. मोहित जैन, डॉ. कार्तिक टेलर, डॉ. अर्जुन पारगी ने दो-दो मरीजों को पोषण किट प्रदान किये। इस अवसर पर बीएचएस विपुल जोशी, दीपक स्वर्णकार व नर्सिंग ऑफिसर मयंक भट्ट मौजूद रहे।

गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

डूंगरपुर, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा डूंगरपुर ब्लॉक पर पोषण भी पढ़ाई भी तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सरस्वती वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर कोर्स डायरेक्टर पुष्पा खराडी व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से मदन द्वारा सोमवार को शहीद भगत सिंह सामुदायिक भवन में किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल विकास परियोजना अधिकारी पुष्पा खराडी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पोषण और शिक्षा दोनों के महत्व को बढावा देना है। यह कार्यऋम विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए योजनाबद्ध किया गया है,ताकि वे बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा प्रशिक्षण में डूंगरपुर, देवल, खेडा एवं गुमानपुरा सेक्टर की आंगनबाडी कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्यकर्ताओ में ईसीसीई पाठ्यऋम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की आधारभूत समझ विकसित करने हेतु कार्यकर्ताओ का शमता संवर्धन किया जाना है। सोमवार को प्रशिक्षण के पहले दिन आयोजित सत्र में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन, पोषण भी पढाई भी कार्यऋम की आधारशिला एवं परिचय,सामूहिक गतिविधियों का आयोजन, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन मास्टर ट्रेनर महिला पर्यवेक्षक चन्द्रिका सोमपुरा, माया सुथार, दमयंती जोशी द्वारा कोर्स डायरेक्टर के निर्देशन में किया गया।

आक्रोश रैली निकाली

देवगढ़, (निसं)। ब्यावर जिले के विजयनगर में नाबालिग हिन्दू समाज की छात्राओं के साथ जघन्य दुष्कर्म करने, लवजिहाद करने, धर्मातरण के लिए प्रेरित करने ब्लैकमेल करने सहित समाज की बालिकाओं को बहलाफुसला कर यौन शोषण करने को लेकर देवगढ़ में मंगलवार को प्रातः आक्रोश रैली सर्व हिन्दू समाज ने निकाली।प्रातः सूरज दरवाजा ही सर्व हिंदू समाज ओर कई संगठन एकत्रित हुए । सकल हिंदू समाज द्वारा बंद का आव्हान किया गया।जिसमे व्यापारियों और स्कूल-कॉलेजों ने भी समर्थन दिया। बंद के दौरान आधे दिन तक सन्नाटा पसरा रहा। सूरज दरवाजा से दुर्गा मां के स्वरूप में कई बालिकाएं आगे पीछे मातृ शक्ति हाथों में भगवा ध्वज लिए साथ में सकल समाज की महिलाओं एवं विभिन्न पदाधिकारियों,संगठनों के कार्यकर्ताओं, ने हाथों में बच्चियों का शोषण करने वालों को फांसी दो फांसी दो, फूल नहीं चिंगारी है हम भारत की नारी है, सनातन धर्म की जय हो के बैनर लिए हुए नारे के साथ गणेश घाटी, मानक चौक, कोतवाली चबूतरा, सदर बाजार, मारू दरवाजा, प्रतिष्ठा पार्क, प्रताप सर्कल, अम्बेडकर सर्कल, नगर पालिका, पुलिस स्टेशन, तहसील रोड होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचा।

छात्र मोहित कोठारी का होगा सम्मान

भीम, (निसं)।भीम शहर के श्रीजी पब्लिक स्कूल के छात्र मोहित कोठारी कक्षा 9 का बुधवार 5 मार्च को जिला स्तर पर सम्मान किया जाएगा श्रीजी पब्लिक स्कूल के निर्देशक सनोज तोमर ने बताया कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट सेवा विद्यार्थी सम्मान समारोह प्रतिवर्ष जिला स्तर पर आयोजित होता है जिसके चलते स्थानीय विद्यालय के छात्र मोहित कोठारी पिता महेंद्र कोठारी भीम कक्षा 9 जिला स्तर पर शिक्षा विभाग राजसमंद एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के संयुक्ततत्व दान में राजसमंद में बुधवार को 11 बजे उत्कृष्ट सेवा करने हेतु सम्मानित किया जाएगा राजसमंद से विद्यालय के छात्र मोहित कोठारी के जिला स्तर की सूची में नाम आने पर संपूर्ण विद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। पीडिता ने आरोपी के खिलाफ बंधक बना दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी मौजाराम निवासी जामुन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि 11 फरवरी को मैं घर पर थी। इसका पता चलने पर आए आरोपी ने बंधक बना कर मेरे साथ दुष्कर्म किया। विरोध कर चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच फलासिया थानाधिकारी सीताराम को सौंपी है।

सर्व हिन्दू समाज ने आक्रोश रैली निकाल किया विरोध प्रदर्शन

राजसमंद, ०(निसं)। प्रदेश में इन दिनों अजमेर जिले के विजयनगर स्कूली छात्राओं से दुष्कर्म एवं जबरन धर्मांतरण के मामले को लेकर मंगलवार को आधा दिन राजसमंद बंद रहा। जिसको लेकर जिला मुख्यालय पर राजनगर से जिला कलेक्ट्रेट तक हिंदू समाज के बैनर तले निकाली गई विशाल आक्रोश रैली के दौरान बडी संख्या में महिलाएं-पुरुष, व्यापारी एवं संतों सहित हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

आक्रोश रैली निकाल कर आरोपियों को फांसी की सजा देने और धर्मांतरण और ब्लैकमेल जैसी घटनाओं को रोकने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर

- **विजयनगर ब्लैकमेल कांड : दोपहर तक बंद रहा राजसमंद**
- **मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन**

बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व सर्व हिन्दू समाज एवं व्यापारियों नें प्रातः १०:३० बजे राजनगर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहा पर एकत्रित हुए जहां से जिला कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली। रैली शहर के सदर बाजार, दाणी चबूतरा, गणेश चौक, कलालवाटी, किशोरनगर, मंडा होते हुए जिला परिषद चौराहे से जिला कलेक्ट्रेट में पहुंची। रैली में शामिल प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्री परिसर में जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद सभी को ज्ञापन पढकर सुनाया गया। ज्ञापन में बताया कि विजयनगर अजमेर क्षेत्र के विशेष सामुदाय के युवकों द्वारा स्कूल जाने वाली नाबालिक हिंदू लडकियों को धोखे से अपने जाल में फंसा कर उनके साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और उनका शोषण करने की घटनाएं सामने आई हैं। उनका इरादा न केवल हिंदू बालिकाओं का यौन शोषण करना अपितु धर्मांतरण के माध्यम से इस देश को दारुल इस्लाम बनाना भी हैं। राजसमंद में भी ऐसे विभिन्न जगहो पर स्कूल व कॉलेजों के बाहर समुदाय विशेष के युवकों द्वारा लडकियों पर आपत्तिजनक व्यंग कसने जैसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। वहीं विशेष सामुदाय द्वारा शहर के विभिन्न ईलाकों में लव जिहाद और लैंड जिहाद की गतिविधियां जोर-जोर से चलाई जा रही है। साथ ही कई जगहो पर कारोबार के नाम पर नशीले पदार्थ व धार्मिक स्थानों के नाम पर कब्जा कि हुए हैं जिन्हे तुरंत प्रभाव से हटाया जाएं। सर्व हिन्दू समाज ने मांग की है कि स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन सेन्टर के बाहर नियमित रूप से पुलिस की नियुक्ती कर बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करें तथा दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटना किसी के साथ न हों। वहीं सरकार को चेतावनी भी दी हे कि यदी भविष्य में ऐसी कोई घटना फिर से होती है और प्रशासन समय पर उचित कदम नहीं उठाता है तो हिन्दू समाज के लोग मजबूरन सडकों पर उतरकर स्वयं न्याय करेंगे। यह अपराध न केवल विजयनगर बल्कि राजसमन्द में भी गंभीर चिंता का विषय है। राज्य के विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल, कॉलेज और ट्यूशन सेंटरों के बाहर योजनाबद्ध तरीके से हिंदू लडकियों को फंसाने, शोषण करने और उन्हें मानसिक और शारीरिक आघात पहुँचाने के मामले सामने आए हैं। इस प्रकार की घटनाओं ने हिंदू समाज में भय और आक्रोश उत्पन्न किया।

विजयनगर स्कूली छात्राओं से दुष्कर्म एवं जबरन धर्मांतरण के मामले दोषियों को फांसी की मांग को लेकर शहर में रैली निकालते हिन्दू समाज के लोग।

सतत विकास लक्ष्य व लैंगिक समानता पर कार्यशाला

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी में पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ के वूमेन सेल ने फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के सहयोग से महिला एवं जेंडर से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला विशेष रूप से लैंगिक असमानता और सुधार पर केंद्रित रही।

कार्यशाला का आरंभ डॉ. के एस व्यास डीन फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात प्रो. बी पी शर्मा ग्रुप प्रेसिडेंट पैसिफिक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने उद्घाटन भाषण दिया और प्रो. हेमंत कोठारी प्रेसिडेंट पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी ने अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया। पहले सत्र में लैंगिक समानता एवं सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा हुई जिसमें वक्ता के रूप में प्रो. विजयलक्ष्मी चौहान पूर्व निदेशक यूजीसी सेंटर फॉर वूमेन स्टडीज मोहनलाल सुखाडिया विवि उदयपुर उपस्थित रहीं। दूसरे सत्र में बाल संरक्षण और सामाजिक समावेशन विषय पर सिंधु बिनुजीथ डिविजनल कंसल्टेंट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिसेफ इंडिया उदयपुर डिवीजन ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला के समापन पर डॉ. पुष्पा मेहडू प्रिंसिपल पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कृपा जैन सहायक प्राध्यापक पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ ने किया। कार्यशाला का डॉ. रत्ना सिसोदिया एसोसिएट प्रोफेसर पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ द्वारा किया गया। इस अवसर पर पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ और फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें डॉ. हेमंत पंड्या प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन और डॉ. कपिलेश तिवारी प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन विशेष रूप से शामिल थे।

पैसिफिक में सतत विकास लक्ष्य एवं लैंगिक समानता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भूविज्ञान विद्यार्थी सेमिनार कल से

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विवि के भूविज्ञान विभाग के स्थापना के प्लेटीनम जुबली वर्ष 2024-25 के तहत तीन दिवसीय 13 वां अखिल भारतीय भूविज्ञान विद्यार्थी सेमिनार (जियो यूथ 2025) 6 से 8 मार्च के दौरान आयोजित कर रहा है।

भूविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.रितेश पुरोहित ने बताया कि पूरे देश में केवल उदयपुर का भूविज्ञान विभाग ही एकमात्र ऐसा संस्थान है जो केवल विद्यार्थियों तथा शोध छात्रों के लिए ही इस प्रकार का अखिल भारतीय स्तर का सेमिनार प्रतिवर्ष आयोजित करता है जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र एवं शोधार्थी अपने पत्र वाचन करते हैं।

प्रस्तुत शोध पत्रों को एक तीन सदस्यी समिति आंकलन कर 5 श्रेष्ठ शोध पत्रों का पुरस्कार के लिए चयन करती है। आंकलन समिति के विशेषज्ञों के रूप में सयाजीराव विवि बडौदा के प्रो के.सी. तिवारी, जोधपुर विवि के प्रो. एसआर जाखड तथा संगम विवि भीलवाडा के डॉ के के शर्मा को आमत्रित किया है। सेमिनार का उद्घाटन 6 मार्च को होगा।

सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

बांसवाड़ा, (निसं)। बांसवाडा सिन्टेक्स मिल स्थित लॉन में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांसवाडा सिन्टेक्स के यूनिट हेड बीसी कौशिक, अध्यक्ष चीफ इन्जिनियर सुनिल गुप्ता व विशिष्ट अतिथि वीपी सिंह रहे। प्रारम्भ में सेफ्टी मैनेजर दीपक बैदी ने स्वागत करते हुए मिल के कर्मचारियों व श्रमिकों को सुरक्षा सम्बन्धी उपायों तथा उपकरणों के संचालन सम्बन्धी जानकारी देते हुए कहा कि जीरो दूर्घटना के लक्ष्य को लेकर १० मार्च तक मिल में सुरक्षा सप्ताह के दौरान स्लोगन, पेन्टिंग व विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि बीसी कौशिक ने कहा कि कम्पनी में सुरक्षा सम्बन्धी उपायों का पालन अति आवश्यक है।

फार्मेसी जागरूकता यात्रा का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। फार्मा लोक द्वारा आयोजित प्रोफेसर एम एल श्रॉफ की 123वीं जयंती के अवसर पर एवं राष्ट्रीय फार्मेसी एज्युकेशन दिवस के उपलक्ष में 5वीं फार्मेसी जागरूकता यात्रा सोमवार को उदयपुर पहुंची।

यात्रा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अमित झा और उनके सहयोगी पर्जन्य कुमार शुक्ला का गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, गीतांजलि विवि के प्रांगण में स्वागत डॉ.महेंद्र सिंह राठौर, डॉ.उडीचि कटारिया, डॉ. कल्पेश गौर, डॉ. नरेन्द्र भीमराज परिहार व विद्यार्थियों के उपस्थिति में किया गया। यात्रा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर ने बताया कि यह यात्रा 27 फरवरी को राजघाट नई दिल्ली से शुरू होकर विभिन्न फार्मेसी संस्थानो में होते हुए 6 मार्च को डी वाय पाटिल यूनिवर्सिटी मुंबई मे संपन्न होगी। फार्मेसी प्रोफेशन की जागरूकता का अभियान का लक्ष्य है कि फार्मासिस्ट के अस्तित्व को आम लोगों में जागरूक करना है और भविष्य में आने वाले फार्मासिस्ट शिष्टाचार का उपयोग करें।

गीतांजलि विवि में फार्मेसी जागरूकता यात्रा का स्वागत किया।

बजट घोषणाओं का एक भी काम लंबित नहीं रहे : जिला कलक्टर

राजसमंद, ०(निसं)। सभी अधिकारी निर्धन वर्ग के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनसे जुडी योजनाओं में प्राथमिकता पर कार्य करते हुए त्वरित राहत प्रदान करें, निर्धन वर्ग के कार्यों को समय पर पूर्ण करें, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही न बरतें, योजनाओं में अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करें ये निर्देश जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए।

वे बजट घोषणाओं 2024-25, 2025-26, समस्त विभागों की प्रमुख योजनाओं, संपर्क पोर्टल आदि की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे। कलक्टर बजट घोषणा 2025-26 पर विभागवार चर्चा करते हुए भूमि आवंटन

- **बजट घोषणाओं, विभागीय योजनाओं और संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक**

संबंधित कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रस्तावों को 10 मार्च की डेडलाइन तक हर हाल में भेजने के निर्देश दिए। कलक्टर ने जिला चिकित्सालयों में 10 बेड डायलासिस सेंटर, डाइबाटीज सेंटर, स्ट्रीट लाइट, मल्टी जिम एवं स्टेडियम, सडकों के कार्यों सहित समस्त घोषणाओं पर विभागों से चर्चा की। बजट घोषणा 2024-25 के समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिन भी घोषणाओं में आवश्यक स्वीकृतियां मुख्यालय पर लंबित हैं वहां समन्वय करें। कलक्टर ने कहा कि वे खुद भी विभागों के मुख्यालयों को पत्राचार कर लंबित स्वीकृति जल्द जारी करने के लिए प्रयास करेंगे। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट करें, ग्राउंड पर जाएं और देखें कि कितना काम हुआ है और कितना बाकी है।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने विद्युत विभाग से घरेलू, अघारेलू, कृषि आदि समस्त श्रेणी के विद्युत कनेक्शन की समीक्षा की। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली के दौरान एसई को इस माह कम से कम जिले में 300 नए कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। नगर परिषद से डीएवाईएनयूएलएम, पीएम स्वनिधि, अन्नपूर्णा रसोई को लेकर चर्चा की। स्वच्छता पर चर्चा करते हुए कलक्टर ने रात्रि काल में सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, आरआरआर, बाजार में दुकानों पर डस्ट बिन वितरण, प्लास्टिक मुक्ति अभियान पर चर्चा की।

कलक्टर ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त राजसमंद के लिए सोर्स पर कडी कार्रवाई करें और प्लास्टिक जहां वे आ रहा है वहीं जब्त करें, तब ही रोकथाम हो सकेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यवाहक उप निदेशक आरएएस आकांक्षा दुबे से पूरक पोषाहार वितरण की समीक्षा की। कृषि विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को नरेगा के तहत फार्म पॉण्ड के प्रस्ताव दो दिन में तैयार कर हर हाल में भेजने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

युवक की हत्या,ट्रक चालक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। आपसी कहासूनी के दौरान सरिये से हमला कर ट्रक चालक की हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 मार्च को ऋषभदेव कस्बे के दर्शना घाटी रोड़ पर 2 मार्च रात में डेलवास परसाद निवासी लक्ष्मण पुत्र रतना ने सरिये से हमला कर दर्शना घाटी निवासी संजय पुत्र अमृतलाल की हत्या कर दी थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी भरतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी लक्ष्मण को गिरफ्तार किया। लक्ष्मण व संजय दोनों ट्रक चलाते है । जिससे दोनों का संपर्क है। 2 मार्च को ट्रक का माल खाली करने के लिए भाई संजय को उसके मित्र लक्ष्मण ने फोन कर बुलाया। जहां मेराथन मार्बल गेट के पास सर्विस रोड. पर संजय के साथ लक्ष्मण व साथी मारपीट कर रहे थे। मै व मित्र मौके पर पहुंचे तो भाई संजय अचेत पड़ा था। जिसे चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में गठित दल ने आरोपी लक्ष्मण उर्फ लसु मीणा को गिरफ्तार किया।

समाज से बहिष्कृत कर नकदी वसूली

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने समाज के पंचों के खिलाफ पीडितों को बहिष्कृत कर नकदी वसूलने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित भंवरलाल भोई पुत्र देवीलाल निवासी टीला खेड़ा ग्राम पंचायत भोईयों की पंचोली ने समाज के पंच आरोपी प्रभूलाल पुत्र कन्हैयालाल भोई सहित ग्यारह आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि सामाजिक मंदिर में जाने को लेकर आरोपियों ने सामाजिक बैठक कर मेरे व अन्य साथियों से 11-11 हजार रूपये वसूल लिए तथा मालिक बन कर मंदिर में दर्शन करने के लिए प्रतिबंध लगा कर जातिगत भेद भाव किया इसका 20 फरवरी को विरोध करने पर भी कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

चार आरोपी दबोचे

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने रात के समय में फार्म हाउस से चौकीदार को बंधक बना कर पारतु पीग लूट करने वाली गैग का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 24 दिसंबर 24 को पीडित लक्ष्मणसिंह पुत्र भोपालसिंह निवासी पुराना आरटीओं आफीस प्रतापनगर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि भोईयों की पंचोली धुणीमाता रोड़ सुखानाका पर फार्म हाउस है। जहां रात में आए बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाया तथा विदेशी नस्त के पालतु पीग टेपों में डाल कर चुरा ले गए। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं पीडित से की गई पूछताछ के आधार पर शुभम पुत्र राजुलाल वाल्मिकी निवासी गांधीनगर कच्ची बस्ती अम्बामाता, सचिन निवासी गांधीनगर कच्ची बस्ती,महेन्द्र निवासी गांधीनगर कच्ची बस्ती अम्बामाता, गोपाल वाल्मिकी निवासी गांधीनगर कच्ची बस्ती को गिरफ्तार किया।

लूट का आरोपी पकड़ा

उदयपुर, (कासं)।फाईनेन्स कर्मी के साथ लूट की वारदात करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी भरत सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने भारत फाईनेन्स कंपनी कर्मचारी के साथ नेशनल हाईवे पर 52 हजार 650 रूपये लूट की वारदात करने के मामले में आरोपी चुन्नीलाल उर्फ सुनील बोडात निवासी भाटडीया सरेरा पहाड़ा को प्रोडक्शन वारंट जरिये गिरफ्तार किया।

सांवलिया सेठ के दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। दर्शन के दौरान राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को मंदिर पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। राज्यसभा सांसद का मंदिर अध्यक्ष कार्यालय में मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा आदि ने भगवान का महाप्रसाद भेंटकर स्वागत वं सम्मान किया।

पीएचडी

उदयपुर,(कासं)। जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग मोहन लाल सुखाडिया विवि की शोधार्थी वनिता मेहता (नागोरी) ने सहायक आचार्य डॉक्टर ज्योति बाबू जैन के निर्देशन में प्राकृत छेद सूत्रागमों में निरूपित प्रायश्चित का जैन आचारपरक अध्ययन पर शोध कार्य पूर्ण कर की उपाधि प्राप्त की।

आम सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक No.F1(4) / SEIAA / SEAC-Raj / Sectt / Project / Cat.B2 (20041) / 2021-22 Date. 15.6.2022 द्वारा **गासी राम गायरी** S/o **परवा गायरी** के पक्ष में ग्रेनाईट Ref. No. 20211000033402 प्रोडक्शन केपेसिटी 128284.8 TPA (ROM), (Saleable 64142.4 TPA, Waste 64142.4 TPA स्वीकृत खनन पट्टा (ML No. 1/2021) Area 1.40 हे. खसरा नं. 256 निकट गांव सारन, तह. गंगरार जिला चित्तौड़गढ के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के कार्यालय मे जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है - **गासी राम गायरी**

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-न.पा.फ.स./90-ए/2024-25/ 2855 दिनांकः- 04.03.2025

-: लोक सूचना :-

(1) श्री सत्यनारायण सोनी पिता श्री रामेश्वरलाल जी सोनी, (2) श्री अशोक कुमार सोनी पिता श्री रामेश्वर लाल जी सोनी , निवासी-फतहनगर, तह-मावली , जिला-उदयपुर (राज.)ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल
तहसील-मावली जिला